RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 343
हिसार | रविवार, 10 मार्च, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ ६

पोस्टर ही पोस्टर
हर तरह की कलर व ब्लैक एंड वाइट प्रिंटिंग कराने के लिए सम्पर्क करें।
इश्तिहार, बिल बुक व लैटर हैड आदि उचित रेट पर छपवाएं
सूचना प्रिन्टर्स 0/0 दैनिक पाठकपक्ष
नजदीक माडल टाउन मार्केट, हिसार
E-mail : soochnaprinter@gmail.com
98964-72584, 92552-73410




# हिसार सांसद बृजेंद्र सिंह बीजेपी छोड़ हुए कांग्रेस में शामिल

## बोले- किसानों के कुछ मुद्दों को लेकर भाजपा में असहज था





**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 10 मार्च :** हिसार से सांसद बृजेंद्र सिंह ने भारतीय जनता पार्टी का साथ छोड़ दिया है। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि वह राजनीतिक वजहों से भाजपा छोड़ रहे हैं। दिल्ली में उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर कांग्रेस पार्टी जॉइन कर ली। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे के बारे में भी बात की। हालांकि अभी उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह के भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल होने को लेकर कोई जानकारी नहीं आई है। बता दें कि सांसद बृजेंद्र सिंह किसान नेता सर छोटूराम के पड़नाती हैं। उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह की मां भगवान देवी सर छोटूराम की बेटी थी। पिता-पुत्र लगातार हरियाणा में भाजपा को जजपा से गठबंधन तोड़ने की वकालत कर रहे थे। कांग्रेस जॉइनिंग के बाद बृजेंद्र सिंह ने कहा- मैं आज भाजपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस ज्वाइन कर रहा हूं। मैं पार्टी के पूरे नेतृत्व को आभार व्यक्त करता हूं। इसके साथ साथ मैं ये जरूर करना चाहूंगा कि कुछ राजनीतिक ऐसे कारण थे, जिसके कारण मुझे ये निर्णय लेना पड़ा। किसानों के कुछ ऐसे मुद्दे थे, जिसको लेकर में भाजपा में असहज था। मजबूरी में मुझे ये फैसला लेना पड़ा।

### जजपा का रास्ता साफ

बृजेंद्र सिंह के इस्तीफे के बाद भाजपा की हरियाणा में सरकार की सहयोगी जजपा का रास्ता अब साफ हो गया है। सूत्रों के मुताबिक अब भाजपा हरियाणा में गठबंधन की सहयोगी जजपा को एक लोकसभा सीट दे सकती है। संभावना है कि हिसार लोकसभा सीट से जजपा डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को उम्मीदवार बनाया जाए। हालांकि जजपा के नेता अभी तक गठबंधन को लेकर संशय में हैं, इसकी वजह यह है कि अभी तक भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की ओर से इसको लेकर कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिए गए हैं।

## चंडीगढ़ से एडवोकेट हेमंत कुमार के अनुसार... बृजेंद्र सिंह का राजनीतिक सफर

*मई, 2019 लोकसभा आम चुनावों में बृजेन्द्र ने हिसार संसदीय सीट पर हुए मतदान में कुल पड़े 11 लाख 80 हज़ार वोटो से 6 लाख 3 हज़ार 289 वोट अर्थात 51.04 प्रतिशत वोट प्राप्त कर विजयी हुए थे, जबकि प्रदेश के वर्तमान उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जिन्होंने तब जजपा के टिकट पर यहाँ से चुनाव लड़ा था, वह केवल 2 लाख 89 हज़ार 221 वोट अर्थात 24.47 प्रतिशत वोट हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे थे। कांग्रेस के भव्य बिश्नोई, जो पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के पौत्र और कुलदीप बिश्नोई के सुपुत्र है, एवं जिन्होंने नवम्बर, 2022 में कुलदीप के कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने के बाद विधायक पद से त्यागपत्र देने के बाद रिक्त हुई हिसार जिले की आदमपुर विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़ा और जीता, वह मई, 2019 में हिसार संसदीय सीट पर हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर केवल 15.6 प्रतिशत वोट अर्थात 1 लाख 84 हज़ार 369 वोट ही प्राप्त कर पाए एवं इस कारण निर्धारित संख्या से कम वोट मिलने के कारण भव्य की ज़मानत राशि भी जब्त हो गयी थी। उस चुनाव में कुल 26 उम्मीदवार थे जिसमें बृजेन्द्र और दुष्यंत को छोड़ शेष सभी की ज़मानत राशि जब्त हो गयी थी। नोटा विकल्प को 2957 वोट पड़े थे। इसी बीच पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट*



*हेमंत कुमार ने आज कि चुनावी मैदान से उतरने से पूर्व बृजेन्द्र हरियाणा कैडर के 1998 बैच के आई. ए. एस. अधिकारी थे एवं उन्होंने अप्रैल, 2019 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी। दस वर्ष पूर्व अप्रैल, 2014 लोकसभा आम चुनाव में दुष्यंत चौटाला इस सीट से सबसे कम आयु के लोकसभा सांसद निर्वाचित हुए थे जब उन्होंने हजका से चुनाव लड़ रहे कुलदीप बिश्नोई और कांग्रेस के उम्मीदवार संपत सिंह को पराजित किया था।*

*हेमंत ने बताया कि वर्ष 1984 में बृजेन्द्र के पिता चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कांग्रेस की टिकट पर हिसार से लोकसभा चुनाव जीता था। हालांकि इस बात की बहुत कम लोगों को जानकारी होगी कि उस चुनाव में बीरेंद्र सिंह से लोकदल से चुनाव लड़ रहे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला को 50 हजार वोटों से अधिक अंतर से हराया था।*

*ज्ञात रहे कि नवंबर, 2014 में पहली मोदी सरकार दौरान कांग्रेस में 42 वर्ष रहने के बाद भाजपा में चले गए। बीरेंद्र सिंह को पार्टी ने हरियाणा से राज्यसभा सांसद निर्वाचित करवाकर हालांकि केंद्र सरकार में कैबिनेट रैंक का मंत्री बनाकर ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय दिया गया एवं वर्ष 2016 में उन्हें इस्पात (स्टील) मंत्रालय दे दिया गया था। अप्रैल, 2019 में उनके सुपुत्र बृजेन्द्र को हिसार सीट से भाजपा टिकट दिए जाने के बाद बीरेंद्र ने केंद्रीय मंत्रीपद से त्यागपत्र दे दिया था एवं कुछ माह बाद राज्यसभा से भी त्यागपत्र दे दिया था।*

*बहरहाल, हेमंत ने आगे बताया कि हिसार संसदीय सीट से अब तक सबसे अधिक तीन बार सांसद बनने का रिकॉर्ड जयप्रकाश (जेपी ) के नाम है हालांकि वह 1989 में देवीलाल की जनता दल, 1996 में बंसी लाल की हरियाणा विकास पार्टी और 2004 में कांग्रेस के टिकट पर जीत कर सांसद बने थे। नवम्बर, 2022 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ते हुए जय प्रकाश हालांकि आदमपुर उपचुनाव में भाजपा के भव्य बिश्नोई से हार गये थे। जे.पी. छः माह के लिए 1990 में केंद्र की चंद्रशेखर सरकार में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय में उप मंत्री भी रहे थे। जे.पी. ने 1989 में बीरेन्द्र सिंह को हराया था हालांकि 1991 लोकसभा उपचुनाव में जे.पी. कांग्रेस के नारायण सिंह से हार गए थे. लिखने योग्य है कि जे.पी. के बाद गत 34 वर्षों में हिसार लोकसभा सीट से निर्वाचित सांसद को केंद्रीय मंत्रिपरिषद में स्थान प्राप्त नहीं हो सका है।*

*बहरहाल, हिसार सीट दो बार सांसद बनाने का मौका मणि राम बागड़ी को वर्ष 1962 और 1980 जबकि इनेलो के सुरेंद्र सिंह बरवाला को 1998 और 1999 में मिला। वर्ष 2009 में भजन लाल यहाँ से हरियाणा जनहित कांग्रेस से जीत कर सांसद बने परन्तु 2011 में उनके निधन के बाद हुए उपचुनाव में उनके पुत्र कुलदीप बिश्नोई ने हजका के टिकट पर ही यहाँ से जीत हासिल की।*

# पात्र व्यक्ति के घरद्वार पर सरकार की सेवाओं और योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार का संकल्प : डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा

## *गांव गंगवा, चिड़ौद, दुबेटा तथा बालावास में विभिन्न विकास कार्यों का किया शिलान्यास, सुनी जनसमस्याएं*

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि वर्तमान सरकार ने विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से नागरिकों को लाभांवित कर उनकी अधिकतर समस्याओं को दूर करने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ओजस्वी नेतृत्व में देश व प्रदेश में समान अवसर-समान विकास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। ग्रामीणों को पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके अलावा नई सड़कों तथा गलियों का निर्माण करवाया जा रहा है, वहीं इनके मुरम्मत कार्यों पर भी करोड़ों रुपये की धनराशि खर्च की जा रही है। रविवार को डिप्टी स्पीकर ने गांव गंगवा में चौपाल का उद्घाटन करने उपरांत उपस्थितजनों को



संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गांव चिड़ौद में राजपूत धर्मशाला की चार दीवारी, गांव दुबेटा में नायक चौपाल तथा गांव बालावास में आईपीबी सड़क का शिलान्यास किया गया। डिप्टी स्पीकर ने का उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और ग्रामीणों को समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन भी दिया। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि गांव का विकास होगा, तो देश का विकास होगा। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे गांवों को साफ-सूथरा तथा हराभरा बनाये। इसके साथ-साथ गांव के चहुंमुखी के लिए प्यार, प्रेम व भाईचारा बरकरार रखते हुए गांव में गुणवत्तापूर्वक विकास कार्यों को सम्पन्न करवाएं। उन्होंने कहा कि बदलते समय की मांग के अनुरूप जनहित में सरकार ने कई नई पहल की हैं। सरकार का संकल्प है कि हर व्यक्ति को उसके घर द्वार पर सरकार की सेवाओं और योजनाओं का लाभ पहुंचे। गांवों को लाल डोरा मुक्त कर ग्रामीणों को उनका मालिकाना हक प्रदान करना इसी कड़ी में एक ऐतिहासिक पहल है, जिसे अब राष्टीय स्तर पर भी स्वामित्व योजना के रूप में अपनाया जा चुका है। इस अवसर पर माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवाल, गांव के सरपंच भगवान दास, बीडीओ रोशन लाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## समाजसेवी महाबीर प्रसाद सर्राफ, एडवोकेट नहीं रहे



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** अनेक धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से जुड़े भामाशाह नगर निवासी समाजसेवी महावीर प्रसाद सर्राफ, एडवोकेट का आज सुबह स्वर्गवास हो गया। स्वर्गीय महावीर प्रसाद सर्राफ के पुत्रों प्रदीप सर्राफ व अरुण सर्राफ ने बताया कि 86 वर्षीय उनके पिता कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। स्वर्गीय महावीर प्रसाद सर्राफ, एडवोकेट ने लगातार 55 साल तक हिसार कोर्ट में प्रैक्टिस की। आज सायंकाल 4:30 बजे ऋषि नगर स्थित शमशान गृह में दाह संस्कार किया गया। नगर की अनेक धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं ने उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है।

## सोनीपत में शराब कारोबारी की गोलियां मारकर हत्या

**पाठकपक्ष न्यूज**

**सोनीपत, 10 मार्च :** सोनीपत में रविवार सुबह शराब कारोबारी की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। मुरथल के गुलशन ढाबे पर बदमाशों ने करीब 30 राउंड फायरिंग की। जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। मृतक की पहचान गोहाना क्षेत्र के सरगथल गांव के रहने वाले सुंदर मलिक (30) के रूप में हुई है।




## *आधार अस्पताल में निश्चेतन चिकित्सकों के लिए सेमीनार आयोजित*

# अल्ट्रासाउंड, एनेस्थेटिस्ट का उपयोगी टूल : डॉ नागर

**पाठकपक्ष न्यूज**


**हिसार, 10 मार्च :** आधार अस्पताल हिसार द्वारा एनेस्थेसिओलोजिस्ट समिति के सहयोग से सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत 'एनेस्थेटिस्ट के लिए अल्ट्रासाउंड उपयोग' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ नीरज नागर ने बताया कि इसप्रकार की कार्यशाला का आयोजन क्षेत्र में पहली बार किया गया है। आधार एनेस्थीसिया टीम के साथ एनेस्थेसिओलोजिस्ट समिति की अध्यक्ष डॉ संगीता गिरधर, सचिव डॉ रेनू छाबड़ा व कोषाध्यक्ष डॉ नीरज नागर सहित क्षेत्र के पचास से अधिक एनेस्थेटिस्ट (निश्चेतन चिकित्सकों) ने हिस्सा लिया। डॉ नागर ने बताया कि यह एक स्किल अपडेट का प्रोग्राम है, अस्पताल में एनेस्थेटिस्ट की बहुत उपयोगी भूमिका होती है। उसे एमर्जेन्सी, आईसीयू, ऑपरेशन



थिएटर में बहुत से प्रोसीजर करने होते है, जिसमें अल्ट्रासाउंड का उपयोग आवश्यक होता है। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी में रोगी के लिए हर पल बहुत ही कीमती होता है, समय रहते सही प्रोसीजर से रोगी की जान बचायी जा सकती है। आईसीयू के रोगी के प्रोसीजर व उसकी प्रगति, दर्दरहित प्रसव, दर्द से निजात के लिए नसों में ब्लॉक लगाने जैसे कई प्रोसीजर एनेस्थेटिस्ट को करने होते है जिसमें अल्ट्रासाउंड बहुत सहायक होता है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में डॉ. रेनू भाटिया, डॉ. ऋतु चोपड़ा, डॉ वरुण गुप्ता, डॉ लवकेश भाटिया, डॉ रामेश्वर लोढ़ा, डॉ प्रणीत भूसाल, डॉ मोनिका गोयल और डॉ मोहर जाखड़ ने कार्यशाला में आये निश्चेतन चिकित्सकों को प्रोसीजर में अल्ट्रासाउंड के प्रयोग की बारीकियों को समझाया। डॉ. नागर ने बताया कि आधार अस्पताल एक चिकित्सा शिक्षण संस्थान के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। जिसमें उपचार के साथ साथ चिकित्सक परास्नातक की शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। यह कार्यशाला शिक्षण के साथ-साथ स्किल अपडेट का एक हिस्सा है। अस्पताल का यह उद्देश्य है कि हिसार में उच्चस्तरीय गुणवत्ता पूर्ण चिकित्स्कीय सुविधाएं क्षेत्र के लोगों को उपलब्ध हो सके।



# स्वास्थ्य दर्पण : वज्रासन



*-पाठकपक्ष डेस्क-*

*शरीर के स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए स्वस्थ आहार के साथ नियमित योग-व्यायाम पर जोर दिया जाता रहा है। योगासन, शारीरिक-मानसिक दोनों ही प्रकार की सेहत को बेहतर बनाए रखने के साथ समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में आपकी मदद कर सकते हैं। वज्रासन, एक ऐसा ही योग है जिसे विशेषज्ञ कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं में काफी फायदेमंद अभ्यास के तौर पर देखते हैं।*

*यह एकमात्र ऐसा आसन है जिसे खाना खाने के बाद किया जाता है। भोजन करने के बाद दस मिनट तक वज्रासन में बैठने से भोजन जल्दी पचने लगता है और कब्ज, गैस, अफारा आदि से छुटकारा मिलता है। यदि किसी व्यक्ति को घुटनों में दर्द रहता हो, तो ऐसे में वज्रासन नहीं करना चाहिए। पेट और हाजमा सही रहने से बाल भी स्वस्थ बनते हैं।*

***आसन की विधि***

***इस आसन को करने के लिए :-***

*- दोनों घुटनों को मोड़कर पंजों के बल सीधा बैठें।*

*- दोनों पैरों के अंगूठे आपस में मिलने चाहिए और एड़ियों में थोड़ी दूरी होनी चाहिए।*

*- शरीर का सारा भार पैरों पर रखें और दोनों हाथों को जांघों पर रखें।*

*- कमर से ऊपर का हिस्सा बिल्कुल सीधा होना चाहिए। थोड़ी देर इस अवस्था में बैठकर लंबी गहरी साँसें लें।*

***वज्रासन के लाभ***

***पाचन को सुधारना :*** *वज्रासन पाचन को सुधारता है और अच्छी सेहत को बनाए रखने में मदद करता है।*

***मस्तिष्क की शांति :*** *इस आसन को करने से मस्तिष्क की स्थिरता बढ़ती है और यह मानसिक चिंताओं को कम करता है।*

***पीठ की मजबूती :*** *वज्रासन हमारी पीठ को मजबूत और स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है।*

***घुटनों की संरक्षण :*** *इस आसन से घुटने मजबूत होते हैं और उन्हें चोटों से बचाने में सहायक होता है।*

***ध्यान देने योग्य बातें***

*- जिन लोगों को जोड़ों के दर्द या गठिया से ग्रसित हो वह इस आसन को न करें।*

*- आसान करते समय पीछे की ओर ज़्यादा न झुकें। शरीर को सीधा रखें ताकि संतुलन बना रहे।*

*- अपना ध्यान साँसों की गति की तरफ़ केंद्रित करें इससे धीरे-धीरे आपका मन शांत होगा।*

*- इस आसन में 5-10 मिनट तक बैठना चाहिए ।*

*- अभ्यास के आरंभ में घुटनों, जंघों और टखनों में खिंचाव अनुभव हो सकता है।*

***-डॉ. विजय सारस्वत***
***संचालक : सारस्वत हस्पताल,***
***नज़दीक पंजाब नेशन बैंक, डाबड़ा चौक, हिसार।***
*+91 94164 89299*

# मनुष्य की वाणी और वचन पुण्य व परमात्मा के बीच पुल की तरह हैं

## अध्यात्म

मनुष्य की वाणी का मूल्य क्या है और उसका अभाव कितना पीड़ादायक हो सकता है, यह वही लोग जान सकते हैं जो वाक-शक्ति से वंचित हो जाते हैं। वस्तुत: मनुष्य के जीवन में बोलचाल या बातचीत ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे हम किसी का प्रेम पा सकते हैं या प्रेम को दूसरों में बांट सकते हैं। प्रेम पाए बिना और प्रेम दिए बिना यह जीवन चल ही नहीं सकता। पुण्य भी प्रेम के पीछे है, परमात्मा भी प्रेम के पीछे हैं। वाणी और वचन पुण्य और परमात्मा के बीच एक पुल हैं। अगर हमने इस पुल को जर्जर कर दिया तो प्रेमविहीन होने के साथ हमें न पुण्य प्राप्त होगा न परमात्मा। वचनों की कटुता प्रेम के मार्ग को अवरुद्ध करती है। हमने अपने वाणी और व्यवहार द्वारा प्रेम को कितना संभाला है, इसकी एक ही कसौटी है - क्या हमसे दूर रहने वाले हमारे पास ही रहना चाहते हैं और पास रहने वाले हमसे दूर नहीं जाना चाहते/ जैसे बिना अच्छे भोजन के अच्छा स्वास्थ्य नहीं बन सकता, ऐसे ही बिना अच्छे वचन से अच्छा व्यवहार भी नहीं बनता। वाणी और व्यवहार को मर्यादित रखने से शत्रुता भी मित्रता में बदल जाती है। आज के टूटते परिवार और बिगड़ते संबंधों के पीछे हमारी विकृत वाणी और व्यवहार का ही सबसे बड़ा दोष है। अधिकांश सामाजिक और राजनैतिक विद्वेष, मनोमालिन्य, उपद्रव विषाक्त वचनों का ही परिणाम होते हैं। संसार की सारी उपलब्धियां अगर कम हों, तब भी चल सकता है, लेकिन अगर वाणी-लावण्य और स्नेह कम हो गया तब साथ चलने की संभावना ही नहीं बचती। इन दिनों हम स्वास्थ्य, वस्त्र, आभूषण, पर्यावरण, ज्ञान-विज्ञान के लिए तो पूर्ण रूप से जागरूक हो रहे हैं, लेकिन हमारी वाणी की मर्यादा का ग्राफ दिन-प्रतिदिन नीचे की ओर जा रहा है। स्वार्थ सिद्धि के लिए आयु का ध्यान या पद और विद्वत्ता की गरिमा रखे बिना जिसके जी में जो आता है, एक गैरजिम्मेदार वक्तव्य जारी कर देता है। भले ही उसके दूरगामी परिणाम कितने ही विघटनकारी हों। लगता है वाणी की विद्रूपता और दोषारोपण ही विरोध की पर्यायवाची बन गई है। हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का दुरुपयोग करने लगे हैं। जैसी बोली होती है, वैसी ही गूंज होती है। जो भाषा आज हम सिखा रहे हैं, वह कभी हमारे लिए भी बोली जा सकती है। स्थिति तब और शोचनीय हो जाती है जब ऐसे वचन उन लोगों की ओर से आते हैं, जिनका हमने अपने आदर्श के रूप में स्वीकार किया है, जिनसे सुधारों की अपेक्षा की जाती है। शक्ति-संपन्न, विवेकी और आत्मबल से परिपूर्ण व्यक्ति छोटी-छोटी बातों को लेकर न तो आक्रामक होते हैं न ही हर समय आक्रोश की मुद्रा में रहते हैं, बल्कि वे अपनी मर्यादा के अनुरूप बड़े प्रहारों को भी छोटा समझकर बिसरा देते हैं।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में ओ.एस.जी.यू ने किया महिलाओं को सम्मानित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को सम्मानित किया। विश्विद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल भी इस समारोह में शामिल रहे। उन्होंने सभी महिलाओं का सम्मानजनक स्वागत किया और महिला दिवस की बधाई दी। प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने इस अवसर पर एकत्र हुए महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति प्रेरित किया और कहा की आज के समय में ऐसा कोई कार्य नहीं जो महिला नही कर सकती। इसी के साथ कामयाब महिलाओं का उदाहरण देते हुए उनके आत्मविश्वास में वृद्धि की। इस खास अवसर पर श्रीमति गीता भारती (आईएएस) कमिश्नर, हिसार ने मुख्य अतिथि के रूप शिरकत की। इन्हीं के साथ डॉ सरिता कालरा (एमडी स्त्री रोग सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी और कैंसर अस्पताल, हिसार) और डॉ.आशा खेदड़ (जिला अध्यक्ष भाजपा हिसार, हरियाणा) से वशिष्ठ अतिथि के रूप में इस प्रोग्राम में उपस्थित रहे। विश्विद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल, प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल, कुलपति डॉ एन. पी. कौशिक, प्रति-कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर और रजिस्ट्रार डॉ विनोद कुमार ने अतिथियो और हॉल में आई हुई नारी शक्ति का स्वागत किया और मोमेंटो व प्लांट्स देकर उन्हें सम्मानित किया। आईएएस गीता भारती ने सभी महिलाओं को मोटिवेशनल स्पीच और अपने जीवन के अहम पल सांझा कर उन्हे प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा की बेटी और बहू मे भेदभाव नहीं करना चाहिए और सभी को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। वशिष्ठ अतिथि ने सभी को जागरूक करते हुए कहा की हमेशा खुद पर भरोसा रखो और अपना का भरोसा बन कर रहो। विश्विद्यालय ने शिक्षा प्राप्त कर रहे अलग अलग देश और अलग अलग राज्य के स्टूडेंट्स ने प्रोग्राम के दौरान अपनी अपनी संस्कृति का प्रदर्शन किया। इस प्रोग्राम के संचालक डॉ राकेश धीमान, डॉ रेनू शर्मा व हिमानी खोखा रहे। मंच का संचालन एडवोकेट नीरज तनेजा, हिमानी खोखा और अध्यापक ऑड्रीला ने किया।

# सुण मौल्लड़ की



आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति बने।

**14 बरस जेल काटी। तप के सोना कुन्दन बणया।**

## कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** क्रय-विक्रय कार्य से जुड़े लोगों को नुकसान होने की संभावना। फिजुलखर्ची करने से बचें। मन तनावग्रस्त बना रहेगा। भगवान गणेश जी की पूजा करें।

**वृषभ :** नए कार्यों की शुरूआत हो सकती है। आर्थिक नुकसान होने की संभावना। यात्रा से लाभ होगा।

**मिथुन :** कार्यों में आ रहे अवरोध समाप्त होंगे। रोजगार के इच्छित अवसर प्राप्त होंगे। इंटरव्यू में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क :** धार्मिक कार्यों में हिस्सा लेंगे। भाग्योदय होने की संभावना। मान-सम्मान बना रहेगा।

**सिंह :** कोई नया कार्य आरंभ न करें। अंजान लोगों से उचित दूरी बनाए रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खान-पान संभलकर करें। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**कन्या :** भूमि, भवन व वाहन खरीदने का मन बनेगा। विपरीत लिंग की तरफ आकर्षित होंगे। योजना के अनुसान कार्य होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला :** यात्रा में सावधानी बरतें। उधार के लेन व देन से बचें। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। भगवान कृष्ण जी की पूजा करें।

**वृश्चिक :** प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने की संभावना। बच्चों का सहयोग प्राप्त होगा। बौद्धिक कार्य से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा।

**धनु :** लोगों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। आलोचना का शिकार हो सकते हैं। हृदय रोगी विशेष सावधानी बरतें। मन में बेवजह संदेह बना रहेगा। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**मकर :** महत्वपूर्ण निर्णय लेने का दिन। प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होगी। जल्दबाजी करने से बचें।

**कुंभ :** परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण समाचार प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**मीन :** मन संवेदनशील बना रहेगा। सिर पर चोट लगने की संभावना, सावधानी बरतें। बिखरे कार्यों को समेटने में सफलता मिलेगी। दुर्गा माता की पूजा करें।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
**नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)**

## कर्म का मर्म

# क्रिकेट का भगवान

उन दिनों सचिन तेंडुलकर शारदा स्कूल की जूनियर टीम में शामिल हो गए थे। उन्हें क्रिकेट का शौक था, लेकिन बालसुलभ आदतें भी उनमें खूब थीं। एक दिन सचिन के कोच आचरेकर ने उन्हें अपने पास बुलाया और बोले,'बेटा, आज तुम एक दूसरे स्कूल की जूनियर टीम के साथ अभ्यास मैच खेलना, इससे तुम्हारे खेल में निखार आएगा और अभ्यास भी हो जाएगा।' सचिन ने उस समय तो हामी भर दी, लेकिन फिर वह अपने दोस्तों के साथ व्यस्त हो गए और अभ्यास मैच खेलने नहीं गए। शाम को आचरेकर सर ने फिर सचिन को बुलाया और पूछा,'आज का तुम्हारा अभ्यास मैच कैसा रहा/' यह सुनकर सचिन चुप ही रह गए। उन्होंने तो अभ्यास मैच खेला ही नहीं था। सचिन बोले,'सर, आज मैं अभ्यास मैच नहीं खेल पाया।' आचरेकर सर ने पूछा, 'क्यों बेटा, तुमने मैच क्यों नहीं खेला/' सचिन ने सकुचाते हुए कहा,'सर, एक सीनियर टीम बहुत अच्छा मैच खेल रही थी। मैं वह मैच देखने चला गया। उनके रनों की बौछार में इस कदर खो गया कि तालियां बजाता रहा और समय का ध्यान ही नहीं रहा।' इस जवाब से आचरेकर बेहद गुस्से में आ गए। उन्होंने सचिन को एक जोरदार तमाचा जड़ा और बोले,'तुम्हें दूसरों के लिए तालियां



नहीं बजानी हैं। दुनिया तुम्हारे लिए तालियां बजाएगी। तुम्हें क्रिकेट के उस शिखर पर पहुंचना है जहां विरले ही पहुंच पाते हैं। मैं तुम्हें शिखर तक पहुंचाने के लिए सीढ़ी बना हुआ हूं और तुम उस पर चढ़ना भी नहीं चाहते।' इस बात ने सचिन को झकझोर कर रख दिया। फिर तो वे क्रिकेट के अभ्यास में इस कदर डूबे कि उन्होंने क्रिकेट-जगत में हलचल मचा कर रख दी और क्रिकेट के इतिहास में उनका नाम अमर हो गया। आज पूरी दुनिया उन्हें क्रिकेट के भगवान के नाम से जानती है।

# शिवा शक्ति मंदिर ने शिवरात्रि पर लगाया पीएलए में विशाल भंडारा

## भोले के जयकारों से गूंज उठा पीएलए फूड मार्केट



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** शिवा शक्ति मंदिर पटेल नगर के (संजय नगर में) स्थित मंदिर समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि के पावन पर्व पर स्थानीय पीएलए फूड मार्केट पार्किंग में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। समिति के मुख्य सेवादार डॉ महिपाल मुंजाल ने बताया कि समिति पिछले 40 वर्षों से शिवरात्रि पर भंडारे का आयोजन कर रही है। इस बार भी आज शिवरात्रि पर प्रातः 8:00 बजे विद्वान आचार्य आर सी मिश्रा द्वारा सर्व मंगल कामना हेतु हवन यज्ञ किया गया व हवन की महिमा पर व्याख्या की गई। इस दौरान उपस्थित गायकों ने भोले की महिमा का गुणगान करने वाले भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस के साथ परिवाजक आर सी मिश्रा द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच भजन कीर्तन किया गया व पावन आरती के उपरांत 10:30 बजे से शिव बाबा की इच्छा तक विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इस दौरान पीएलए फूड मार्केट भोले के जयकारों से गूंज उठा। इस मौके पर प्रवीण वर्मा, सुनील कटारिया,सुभाष चंद्र कथूरिया, पाला राम बामणिया, धर्मवीर माटा, गुलशन वधवा, कैलाश गर्ग, डा.यशपाल मुंजाल, सुभाष मुखीजा, समाजसेवी गोबिन्द मधु, अशोक महता, दीप्ति गेरा, रोहित गेरा, दिनेश कुमार, लवली अरोड़ा, रवि महता प्रधान, डा. गौरव, सौरभ, डॉ राज कुमार आहूजा, गणेश कत्याल, भोला नाथ अरोड़ा, डॉ पुनीत, डॉ सुनील, योगेश जैन, डॉ यशपाल मुंजाल, आर.सी. मिश्रा व महेश्वरी देवी आदि ने अपनी सेवाएं दीं।

# शैमरॉक बैलून्स स्कूल ने किया ओपन कलर प्रतियोगिता का आयोजन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** मॉडल टाउन स्थित शैमरॉक बैलून्स स्कूल ने आज अर्बन स्टेट के शाश्वत पार्क और सैक्टर 9/11 के शिवालिक पार्क में ओपन कलर कम्पीटीशन का आयोजन किया। यह आयोजन 2 से 6 वर्ष के आयु वर्ग के लिए किया गया। स्कूल के द्वारा दिए गए रेखाचित्रों को नन्हें मुन्हों ने बहुत सुंदर रंगों से सजाया। इस अवसर पर बच्चों के लिए योगा, एरोबिक्स और जुम्बा का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। बच्चों को सर्टिफिकेटस और क्रेयांस वितरित कर उनकी प्रतिभा को सम्मानित किया गया।स्कूल मुख्याध्यापिका श्रीमती सिम्मी जाखड़ ने कहा इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों का आत्म विश्वास बढ़े ता है और वाक पटुता में कौशल प्राप्त होता है। स्कूल निर्देशक डा. राजेश सिंगला ने बच्चों के अथक प्रयास की भूरि-भूरि प्रसंशा की और इसके लिए सभी को प्रेरित किया।

# फाल्गुनी अमावस्या पर भारत माता मंदिर में हवन करके जनकल्याण की कामना की

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** भारत माता मंदिर में फाल्गुनी अमावस्या के अवसर पर प्रातः हवन-यज्ञ किया गया। एम सी कॉलोनी में स्थित भारत माता मंदिर में आचार्य संतोष शास्त्री ने हवन कुंड में अग्नि प्रज्ज्वलित करके पूरे विधि-विधान व मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ किया। इस दौरान भारत माता मंदिर के संरक्षक अनिल महता, अंजू मेहता, पुजारी पंडित रामकिशोर शुक्ल, संतोष कुमार पारिक, मंजू नागपाल, मंजू अग्रवाल, बिमला कथूरिया व मीना सिंगल सहित काफी श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। हवन कुंड में आहुति देने के उपरांत देवी-देवताओं को साक्षी मानकर आरती करके जनकल्याण की कामना की गई। हवन के समापन पर श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। विशेष बात है कि भारत माता मंदिर में जनकल्याण के निमित हर



माह अमावस्या पर हवन-यज्ञ अवश्य किया जाता है। इस दिन स्नान व दान आदि का विशेष महत्व होता है। मंदिर के संरक्षक अनिल महता ने बताया कि भारत माता मंदिर सामाजिक सरोकारों से जुड़ा हुआ है और अध्यात्म व देशभक्ति की अलख जगा रहा है।

**प्रिंटिंग के लिए संपर्क करें**

स्कूल की डायरी, कलर इश्तिहार, बड़े पोस्टर, मैगजीन, न्यूज़ लेटर तथा संस्था का अखबार आदि

प्रिंट करवाने के लिए संपर्क करें :

**SHYAM KUMAR**

**M.: 9255273410**

E-Mail Id :- dailypathakpaksh@yahoo.in

कार्यालय

**दैनिक पाठकपक्ष**

**33-S Model Town Market, Hisar**

|| राम || Lovely Salon Estd. 1974

Will be Closed on Tuesday

Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar

Ph.: 01662-247570, 9896851500

(web : www.lovelysalon.in)

Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art

राम muse-II

Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar



**Multi Designer Store**

प्लस साईज है तो अपनाएं ये फैशन टिप्स :

1. लेयरिंग वाले कपड़े न डालें।
2. स्लिम लुक पाने के लिए काले और नेवी ब्लू जैसे गहरे रंग का उपयोग करें।
3. योक लाईन से बचें। फैशन टिप्स के लिए फोन करें :8222035555

# डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने गांव न्योली कलां, शाहपुर, आर्यनगर तथा चौधरीवास में विभिन्न विकास कार्यों का किया शिलान्यास/उद्घाटन



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 10 मार्च :** डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने शनिवार को विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत जिले के गांव न्योली कलां, शाहपुर, आर्यनगर तथा चौधरीवास में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास/उद्घाटन किया। उन्होंने गांव न्योली कलां में नायक चौपाल में हॉल कमरे के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि गांव में 10 लाख 14 हजार रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का टैंडर शीघ्र किया जाएगा। इसी प्रकार डिप्टी स्पीकर ने गांव शाहपुर के सैन चौपाल में 11.78 लाख रुपये की लागत से बनने वाले आयरन शैड के निर्माण कार्य का शिल्यान्यास व मनरेगा स्कीम के तहत 24 लाख 22 हजार 146 रुपये से मूलचंद की ढ़ाणी से बनवारी लाल की ढ़ाणी तक के आईबीपी रास्ते का उद्घाटन, गांव आर्य में 10.77 लाख की लागत से बनने वाली धानक चौपाल के निर्माण कार्य का शिलान्यास, मैन रोड़ से राजेन्द्र के प्लाट तक 16.67 लाख की लागत से निर्मित आईपीबी गली एवं 13.77 लाख की लागत से निर्मित खेल स्टेडियम की चारदीवारी एवं अन्य कार्यों का उद्घाटन किया। उन्होंने गांव चौधरीवास में 8.41 लाख रुपये की राशि से बनने वाला सैन चौपाल, 68 लाख 93 हजार 921 रुपये की लागत से बनने वाली सड़कों के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि वर्तमान सरकार गरीब व पात्र व्यक्तियों को सरकार द्वारा क्रियान्वित आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना-चिरायु हरियाणा के तहत 5 लाख तक का निःशुल्क ईलाज तथा बीपीएल राशन कार्ड के तहत कम मूल्य पर राशन उपलब्ध करवाने सहित अन्य सुविधाओं का लाभ देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि विधायक आदर्श ग्राम योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि योजना के तहत गांव को आदर्श बनाने में जिस भी विभाग द्वारा जो कार्य किया जाना है, उस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए कार्य को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि आज देश विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन कर उभरा है। वह दिन भी दूर नहीं जब देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। इस अवसर पर ब्लॉक समिति चेयरमैन अजय गावड़, पार्षद पिंकी शर्मा, सरपंच अनुराधा, सरपंच रत्न सिंह, वाईस चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र, सरपंच प्रतिनिधि दिलबाग सिंह, बीडीसी मेंबर राहुल सिंह, बीडीओ सुनील शर्मा, एसडीओ विजय सिंह, पंचायत विभाग से जेई विनोद बलहारा, मंडल अध्यक्ष भूप सिंह खिचड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## टूटी सड़कों व गड्ढों से मौत की जिम्मेदार गठबंधन सरकार : कुमारी सैलजा

### सड़कों व गड्ढों से जान गंवाने वालों के परिजनों को दें 50-50 लाख रुपये सहायता राशि



पाठकपक्ष न्यूज

**चंडीगढ़, 10 मार्च :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में टूटी सड़कों व गड्ढों के कारण होने वाली हर मौत की जिम्मेदारी भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार है। प्रत्येक मौत पर हत्या की धारा लगाते हुए इसके लिए जिम्मेदार अफसरों व सरकार में बैठे लोगों पर केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही साल टूटी सड़कों व गड्ढों के कारण जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपये की सहायता राशि दी जानी चाहिए। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट बताती हैं कि पिछले 14 महीने के दौरान प्रदेश में टूटी सड़कों व गड्ढों के कारण 50 से अधिक मौत हो चुकी हैं। कितनी ही बार आरोपियों को बचाने के लिए इन मौत के लिए जिम्मेदार विभाग व उसके अफसरों के खिलाफ पुलिस में केस तक दर्ज नहीं किया जाता। मृतक के परिजन कुछ दिन धक्के खाकर सरकारी सिस्टम से तंग आकर थक कर घर बैठ जाते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की सड़क दुर्घटनाओं को लेकर जारी रिपोर्ट चौंकाने से पता चलता है कि साल 2022 में टूटी सड़कों व गड्ढों की वजह से प्रदेश में 130 सड़क दुर्घटनाएं हुई। इनमें गड्ढों के कारण हुई सड़क दुर्घटनाओं में 47 लोगों की जान चली गई। जबकि, लोग वाहन खरीदते समय रोड टैक्स देते हैं और फिर जब सड़क पर गाड़ी चलाते हैं तो जगह-जगह टोल टैक्स देते हैं। ऐसे में सड़कों को दुरुस्त व गड्ढा मुक्त रखने की जिम्मेदारी सरकार व सड़क की मलकियत वाले महकमे की रहती है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण व शहरी इलाकों की हालत किसी से छिपी नहीं है। गांवों अप्रोच रोड व शहरों के अंदरूनी रोड एक जैसे हैं। इन पर सड़क कम, गड्ढे ज्यादा हैं। प्रदेश सरकार ने 2019 से लेकर अक्टूबर 2023 तक इन सड़कों के निर्माण पर एक भी रुपया खर्च नहीं किया। वहीं, सड़क सुरक्षा के नाम पर खर्च हो रही राशि में भी बड़ा गोलमाल किया है, अन्यथा सड़क हादसों में बढ़ोतरी न होती। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रिपोर्ट बताती है कि साल 2021 में हरियाणा में हुए सड़क हादसों में हुई मौतों के मुकाबले साल 2022 में 4.44 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। साल 2022 में 4915 लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में हुई, जबकि 2021 में 4706 लोगों की मौत हुई थी। सड़क दुर्घटनाओं में 1231 पैदल यात्रियों व 190 साइकिल सवारों की मौत से स्पष्ट है कि सरकार ने मौतों का आंकड़ा कम करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए। बजट को सिर्फ फाइलों में ही खर्च कर दिया।

## फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में 'यज्ञ प्रशिक्षण' विषय पर पंच दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 10 मार्च :** स्थानीय फतेहचन्द महिला महाविद्यालय, हिसार में 5 से 9 मार्च तक संस्कृत विभाग के सौजन्य से 'यज्ञ प्रशिक्षण' विषय पर पंच दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम दिवस श्रीमती सुनीता देवी मुख्य वक्ता रही जिसमें गायत्री मंत्र की महिमा, ओ३म उच्चारण व वैदिक मंत्रों का उच्चारण करवाया गया। द्वितीय दिवस श्रीमती अंजु मलिक व सुश्री कौशल्या मुख्य वक्ता रही जिसमें छात्राओं को मंत्रों की लय, गति, विराम सिखाया गया और उच्चारण करवाया गया। तृतीय दिवस पं. मिथिलेश शास्त्री जी मुख्य वक्ता रहे जिसमें यज्ञ की महिमा में अध्यात्मिक बल और सकारात्मक उर्जा मानसिक शुद्धि और वातावरण की शुद्धि के बारे में बताया गया। चतुर्थ दिवस श्री प्रमोद शास्त्री जी मुख्य वक्ता रहे जिसमें यज्ञ एक धार्मिक अनुष्ठान है जिससे अच्छे मानसिक विचारों का आगमन होता है। उन्होंने यज्ञ का आत्मा 'स्वाहा' बताया है। ''इदन्न मम'' को प्राण बताया है जो त्याग की भावना सिखाता है। अन्तिम दिवस छात्राओं को यज्ञ वेदी का ज्ञान और यज्ञ अनुष्ठान करवाया गया। इस पंच दिवसीय शिविर में प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने बच्चों को यज्ञ में आहूति डालने का महत्व बताते हुए छात्राओं और प्राध्यापिकाओं को शिविर के सफल आयोजन हेतू बधाई दी। इस अवसर पर संस्कृत विभाग के साथ योग विभाग की प्राध्यापिकाओं एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

## पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव करवाना प्रशासन की जिम्मेदारी : उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

### लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर नोडल अधिकारियों की बैठक ली, मतगणना केंद्रों का किया निरीक्षण





पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 10 मार्च :** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने कहा कि पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव करवाना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। चुनाव से संबंधित सभी नोडल अधिकारी सक्रिय रहें।

वे शनिवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर नोडल व संबंधित अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी बहुत ही संवेदनशील एवं जिम्मेदारी का कार्य है। चुनाव के दौरान किसी भी समस्या के लिए संबंधित उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे चुनाव आयोग द्वारा जारी की गई हैंडबुक में लिखी गई सभी प्रकार के नियम एवं शर्तों को ध्यान से पढ़ लें। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ईवीएम मशीन को सुरक्षित हैंडओवर करना उनकी जिम्मेदारी है। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनावी ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने मत का प्रयोग करने के लिए अपना फार्म 12 एवं 12 ए भरकर संबंधित एआरओ के पास जमा करवाएं। उन्होंने सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा अन्य संबंधित को संवेदनशील व 90 प्रतिशत से अधिक प्रतिशत पोलिंग बूथों का स्वयं दौरा करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से 80 वर्ष से ऊपर तथा दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित करते हुए उनके लिए मतदान हेतु जरूरी प्रबंधन करने की हिदायत दी गई। उपायुक्त ने सख्त लहजे में कहा कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी राजनीतिक पार्टियों की गतिविधियों में भाग नहीं लेगा, अगर कोई ऐसा करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने बैठक के उपरांत आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मतगणना केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पिछले चुनावों में मतदान उपरांत ईवीएम के लिए बने स्ट्रांग रूम, मतगणना केंद्र, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उपायुक्त ने मतगणना स्थल का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मतगणना हेतु पूरा प्लान तैयार करके उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने की हिदायत दी। मतगणना कक्ष में बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे तथा परिसर में कड़ी सुरक्षा को लेकर विशेष हिदायत दी गई। उपायुक्त ने कहा कि मतगणना केंद्रों के संबंध में रिपोर्ट को अंतिम रूप देते समय यह ध्यान रखा जाए कि लोकसभा विधानसभा के 9 क्षेत्रों के केंद्र निर्धारण इस प्रकार से किए जाए, जिससे कि प्रत्याशियों, चुनावी ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों आदि को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। इस अवसर पर हिसार के पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, हांसी के पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद सहित सभी एआरओ, नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## श्री तिरुपति बालाजी धाम में आयोजित भगवान तिरुपति की सवारी शोभा यात्रा में उमड़े श्रद्धालु



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 10 मार्च :** भगवान तिरुपति बालाजी के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए श्रद्धालु अपने इष्ट के प्रति समर्पित रहते हैं। इसलिए श्री तिरुपति बालाजी धाम में आयोजित भगवान तिरुपति की सवारी को श्रद्धालुओं ने रस्सों से खींचकर अपनी आस्था जताई। भव्य सवारी में भगवान श्री तिरुपति जी, माता लक्ष्मी व माता भूदेवी विराजमान हुए और जय श्रीमन्ननारायण, जय भगवान वेंकटेश व जय गोविंदा के जयघोष के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। इस सवारी शोभा यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सवारी शोभा यात्रा में हिस्सा लेने वाले श्रद्धालुओं ने श्री तिरुपति धाम में श्री वेंकटेश भगवान जी, श्री पद्मावती माता जी, श्री गोदांबा माता जी, श्री गरुड़ जी, श्री लक्ष्मी नृसिंह जी, श्री सुदर्शन जी, श्री रामानुज स्वामी जी, श्री शठकोप स्वामी जी एवं श्री हनुमान जी के मंदिरों के भी दर्शन किए। इसके साथ-साथ उन्हें श्री तिरुपति बालाजी धाम में 42 फुट ऊंचा सोने का श्री गरुड़ स्तंभ, बलिपीठम् व श्री तिरुपति यज्ञशाला देखने का भी अवसर मिला। धाम की श्रीनिवास गोशाला, श्री तिरुपति यज्ञशाला एवं पवित्र पुष्करणी भी श्रद्धा के विशेष केंद्र रहे। श्री तिरुपति धाम में होली महोत्सव की भी तैयारी चल रही है। 21 मार्च को यहां होली महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव में बिना पानी की फूलों की होली खेली जाएगी। इसके लिए फूलों का विशेष रूप से प्रबंध किया जाएगा। इसके साथ-साथ श्रद्धालुओं को इत्र से सराबोर होने का भी अवसर मिलेगा। 21 मार्च को ही सायंकाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायिका निशा दीदी व उनकी मंडली श्री तिरुपति बालाजी, माता पद्मावती व माता गोदांबा सहित विभिन्न देवी-देवताओं का गुणगान करेंगे।

### जेसीडी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पोस्टर मेकिग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में छात्राओं ने लिया बढ़-चढ़कर भाग

## देश के विकास के लिए महिलाओं की हर क्षेत्र में भागीदारी होना है आवश्यक : प्रोफेसर ढींडसा





पाठकपक्ष न्यूज

**सिरसा, 10 मार्च :** जेसीडी विद्यापीठ में स्थित जेसीडी शिक्षण महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की छात्राओं ने पोस्टर मेकिग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से इस दिवस को मनाया। इसकी थीम इंस्पायर इंक्लुजन रखी गई थी।। महाविद्यालय की छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से महिलाओं द्वारा निभाई जाने वाली विभिन्न भूमिकाओं को दर्शाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक प्रोफेसर डॉ कुलदीप सिंह ढींडसा थे और अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य डॉक्टर जयप्रकाश द्वारा की गई। सर्वप्रथम उन्होंने मुख्य अतिथि का हरा पौधा देकर स्वागत किया और छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में पुरुष और महिलाओं के बीच के भेदभाव को मिटाकर समानता लाने के प्रयास के लिए महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है। क्योंकि अभी भी हमारे देश में स्त्रियां समानता और महिला सशक्तीकरण के लिए संघर्ष कर रही हैं। मुख्य अतिथि डॉक्टर ढींडसा ने कहा कि आज के वैश्विकरण वाले प्रतिस्पर्धी दौर में महिलाएं सिर्फ घर ही नहीं संभालतीं बल्कि देश, दुनिया की तरक्की में भी अपना योगदान दे रही हैं। घर से लेकर विभिन्न क्षेत्रों चाहे वह आईटी सेक्टर हो या बैंकिंग या अन्य, सभी में अपनी प्रतिभा और कार्य कौशल का लोहा मनवा रही हैं। महिलाओं के इसी हौसले और जज्बे को सराहने और सम्मान देने के लिए दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के विकास के लिए महिलाओं की हर क्षेत्र में भागीदारी होना आवश्यक है। डॉक्टर ढींडसा ने कहा कि आज का युग ऐसा युग है, जिसमें महिलाओं को संविधान में कई अधिकार दिए गए हैं। आज महिलाएं इस विकासशील भारत को विकसित बनाने के लिए अपना योगदान देती है परंतु फिर भी उन्हें कई बार अलग-अलग रूपों में प्रताड़ित किया जाता है तथा उनके अधिकारों का हनन किया जाता है। आज हर साल किसी भी परीक्षा में महिलाएं समान रूप से शामिल होती हैं तथा कई बार पुरुषों से अधिक अंक भी लाती हैं, परंतु कहीं न कहीं यह भी सच है कि पैतृक सत्ता समाज होने के कारण पुरुषों को ही मान सम्मान दिया जाता है। ऐसे में अक्सर बेटियों में निराशा का भाव पैदा हो जाता है। आज कई महिलाएं जैसे किरण बेदी, सुष्मिता सेन, पद्मावती बंदोपाध्याय, सुचेता कृपलानी आदि सशक्त हैं। इन्हीं के जैसे समाज की हर नारी को सशक्त करने का दायित्व किसी भी सभ्य समाज का बनता है। महाविद्यालय द्वारा कराई गई पोस्टर मेकिग प्रतियोगिता में पहला स्थान कोमल, दूसरा स्थान पूजा व तीसरा स्थान सुनीता तथा सांत्वना पुरस्कार कोमल व शीतल ने प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में पहला स्थान ममता, दूसरा स्थान कविता, तीसरा स्थान खुशी तथा सांत्वना पुरस्कार सरिता ने प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# महिला दिवस पर वानप्रस्थ में विदुषी महिलाओं का सम्मान

## क्यों औरत के हिस्से में उसका इतवार नहीं आता...



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** रचनाशील वरिष्ठ नागरिकों की संस्था वानप्रस्थ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक ओर जहां महिलाओं के मुद्दों को उठाया गया वहीं दूसरी ओर उन विदुषी महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने ज्ञान, विज्ञान, अनुसंधान और सामयिक विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दे इसे एक वैचारिक मंच बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

प्रो. सुनीता श्योकंद ने गोष्ठी का संचालन करते हुए कहा कि महिला दिवस महिला शक्ति के उत्सव का दिन है। नारी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है पर कन्या भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, समान वेतन और पहचान के मुद्दे आज भी हर गांव, शहर में देखने को मिल रहे हैं। पिछले साल देश में महिलाओं के प्रति अपराधों की संख्या चार लाख 45 हज़ार से ऊपर पहुंच गई यानि हर घंटे 51 अपराध। पुरुष प्रधान विश्व में केवल 18 प्रतिशत महिलाएं ही लीडरशिप रोल में हैं जबकि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी योग्यताएं प्रमाणित कर रही हैं।

प्रो. पुष्पा सतीजा ने कहा कि कामकाजी महिलाओं की स्थिति खराब है क्योंकि उन्हें नौकरी के इलावा घर का काम और बच्चों का पालन भी करना होता है और पुरुष सदस्य अक्सर उनकी मदद नहीं करते। उनका सुझाव था कि माताओं को बचपन से ही लड़कियों के समान लड़कों को भी घरेलू काम की ट्रेनिंग देनी चाहिए और उन्हें महिलाओं का आदर करना सिखाना चाहिए।

प्रो. नीलम परुथी का कहना था कि दुनिया में लड़कियों द्वारा शादी न करने और शादी के बाद बच्चे पैदा न करने का खतरनाक रुझान भी सामने आ रहा है।

गोष्ठी में इस संदेश पर भी चर्चा हुई जिसमे कहा गया था, क्यों औरत के हिस्से में उसका इतवार नहीं आता...।

प्रो.राज गर्ग ने महिला जीवन पर दो कविताएं सुनाई। एक का शीर्षक था,

स्त्री तू पुरुष नहीं बन पाएगी,
नरम दिल औरत, क्या पत्थर दिल बन पाएगी?

दूसरी कविता का शीर्षक था,

मैं, मैं ही रहूंगी,
मैं सीता, राधा, उर्मिला, गांधारी, यशोधरा, मीरा नहीं बनूंगी...

महिलाओं को लेकर कई गीतों का भी संदर्भ लिया गया।

औरत ने जन्म दिया मर्दों को,
मर्दों ने उसे बाज़ार दिया..
हां, उठ मेरी जान,
मेरे साथ चलना है तुझे..
औरत जीवन झूले की तरह,
इस पार कभी, उस पार कभी..
एक कुड़ी जिस्दा नां मोहब्बत,
गुम है, गुम है, गुम है..
नारी तुम अबला नहीं ..।

दूरदर्शन के पूर्व समाचार निदेशक अजीत सिंह ने महिला दिवस पर उन 13 महिलाओं की एक सूचि प्रस्तावित की जिन्होंने वानप्रस्थ की गोष्ठियों को बौद्धिक वार्तालाप का मंच बनाने में उल्लेखनीय योगदान किया। इस सूचि में शामिल महिलाओं को उन्होंने वूमेन ऑफ सब्सटेंस कह कर संबोधित किया। यह अंग्रेज़ी विशेषण उन सशक्त महिलाओं के लिए उपयोग किया जाता है जो नैतिकता और चरित्र के साथ बौद्धिक गुणों की धनी होती हैं और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत होती हैं। इनमें प्रो. पुष्पा खरब, प्रो. सुनीता श्योकंद, सुनीता मेहतानी, प्रो. सुनीता जैन, देवीना अमर ठकराल, राजरानी मल्हान, प्रो. राज गर्ग, कौशल जैन, प्रो. स्वराज कुमारी, प्रो. पुष्पा सतीजा, डॉ. सत्या सावंत, सुनीता रहेजा और प्रो. नीलम परुथी के नाम शामिल थे। सदस्यों के सुझाव पर और नाम भी शामिल किए जा सकते हैं। इन सभी के कार्यों का संक्षेप में उल्लेख किया गया और सदस्यों ने खूब तालियां बजा कर उनका स्वागत किया गया। उन्हें फूलों के गुलदस्ते भेंट किए गए।

इस अवसर पर उन मेहमान महिलाओं को भी उनकी अनुपस्थिति में सम्मानित किया गया जिन्होंने वानप्रस्थ जीवन को कोरोना महामारी के समय व अन्य अवसरों पर वानप्रस्थ के सदस्यों का उत्साहवर्धन, ज्ञानवर्धन व मनोरंजन कर महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इनमें पुणे की संगीतकार डॉ. दीपशिखा पाठक, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में संगीत की प्रोफेसर डॉ. शुचिस्मिता, भोपाल की गायक भारती विश्वनाथन, कैंसर से बहादुरी जूझती सोनीपत वासी श्रीमती सावित्री, विदेशियों को भारत भ्रमण करा रही वन्यप्राणी फोटोग्राफर जया अय्यर व मीडिया विशेषज्ञ डॉ. प्रज्ञा कौशिक शामिल थीं।

इनके इलावा जीवन के कम से कम 77 वसंत देख चुकी कुछ उम्रदराज महिलाओं को भी सम्मानित किया गया जिनमें श्यामा गोसाईं, संतोष डांग और वीना अग्रवाल भी शामिल थीं

संस्था में आज ही प्रो. जे. के. डांग व संतोष डांग की शादी की सालगिरह तथा प्रो. एस.के. गर्ग का जन्मदिन भी उन्हें फूलों के गुलदस्ते देकर सम्मानित किया।

अन्त में वानप्रस्थ की सभी महिलाओं के सम्मान में अजीत सिंह ने मनभावन एवरग्रीन गीत पेश किया,

यूं तो हमने लाख हसीं देखे हैं,
तुमसा नहीं देखा,
हो तुमसा नहीं देखा...

इस गीत को सभी साथ गाने लगे और हंसी खुशी के माहौल में महिला दिवस पर वानप्रस्थ की यह यादगार गोष्ठी संपन्न हुई।

# महिलाओं का उत्थान ही कांग्रेस का लक्ष्य : सुधा भारद्वाज

## कांग्रेस सरकार में नारी न्याय के तहत महिलाओं को मिलेगा पूरा सम्मान : शिवानी मिश्रा




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** कांग्रेस भवन में नारी न्याय अभियान के तहत नारी न्याय सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया गया । सम्मेलन में हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस आब्जर्वर शिवानी मिश्रा, हरियाणा महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुधा भारद्वाज, जिला अध्यक्ष शहरी स्नेहलता निंबल एवं ग्रामीण उपाध्यक्ष कमलेश श्योराण विशेष तौर पर मौजूद रहे।

शिवानी मिश्रा और सुधा भारद्वाज ने समाज में जो महिलाएं अलग-अलग क्षेत्र में अपनी पहचान बन चुकी है उनको नारी सम्मान के तहत सम्मानित किया जिसमें एडवोकेट रेखा जाटव, डा. हन्नी खरब, अध्यक्ष स्वीपर संगठन पिंकी देवी, समाज सेविका कमलेश राय, सहायता ग्रुप से सुमन न्योलीकला, मेकिंग आर्टिस्ट राधा, पर्वतारोही अनु यादव, अध्यापक संतोष शर्मा, समाजसेवी सुदेश शर्मा, नर्स संतोष नागर को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो दिया और उनके द्वारा किया जा रहें समाज के लिए कार्यों को सराहा।

हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुधा भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य महिलाओं का उत्थान है, आज महिलाएं विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है जिनको आज हमने सम्मानित किया। लेकिन फिर भी इस भाजपा सरकार में महिलाओं को पूरा सम्मान नहीं दिया जा रहा उन्हें उनके हक़ से वंचित रखा जा रहा है। कांग्रेस का प्रमुख लक्ष्य ही नारी न्याय है जिसके तहत महिलाओं का उत्थान किया जाएगा। आज भाजपा सरकार में चारों तरफ महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में एनसीआरबी रिपोर्ट के अनुसार 2023 में महिलाओं के खिलाफ 4 प्रतिशत अपराध बढ़ गया है, देश आज महिलाओं के खिलाफ भयानक स्थिति से गुजर रहा है। हाथरस उन्नाव और बृजभूषण जैसे मामलों में महिलाओं की सुरक्षा की वास्तविकता को देश में बया कर रही है। दलित महिला के साथ हुए 2020 में गैंगरेप और हत्या ने जातिगत क्रूरता और बीजेपी सरकार समर्थित पुलिस की कार्यप्रणाली को उजागर किया है।

इस मौके पर हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस ऑब्जर्वर शिवानी मिश्रा ने कहा की कांग्रेस सरकार में नई न्याय के तहत महिलाओं को पूरा सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा की उनकी पार्टी 'नारी न्याय' के माध्यम से भारत की आधी आबादी का आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सशक्तीकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने कहा''लैंगिक न्याय एक प्रगतिशील समाज की पहचान है। हमें भेदभाव की जंजीरों को तोड़ना होगा और लैंगिक समानता के लिए लगातार प्रयास करना होगा। कांग्रेस 'नारी न्याय' के माध्यम से भारत की आधी आबादी का आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सशक्तीकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

महिला इस अवसर पर जिला महिला अध्यक्ष शहरी स्नेहलता निंबल ने कहा कि, ''हम महिलाओं के लिए रोजगार, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, क्योंकि वे राष्ट्र निर्माण में समान हितधारक हैं. हमने अतीत में ऐसा किया है और कांग्रेस भविष्य में भी ऐसा करने में सक्षम है।''

इस अवसर पर महिला प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट कमल शेरावत, उपाध्यक्ष निर्मला बडगूजर, मीडिया कोऑर्डिनेटर नीलम देवी, जनरल सेक्रेटरी शारदा यादव, जरनल सेक्रेटरी शीला देवी, सेक्रेटरी संतोष कुमारी, सेक्रेटरी कृष्णा देवी, संतरो देवी, मीरा इत्यादि उपस्थित रहे।

# आर्ट ऑफ लिविंग हिसार द्वारा महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया

## महाशिवरात्रि के भव्य उत्सव में आर्ट ऑफ लिविंग के अंतरराष्ट्रीय केंद्र बेंगलुरू में दुनिया भर के कोने-कोने से जुटे 2.5 लाख से भी अधिक भक्त और साधक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** आर्ट ऑफ लिविंग के स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग हिसार द्वारा महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया जिसे करवाने विशेष रूप से बैंगलोर से पधारे वेद पाठी द्वारा करवाया गया। वैदिक धर्म संस्थान के कोऑर्डिनेटर कृष्ण कुमार ने बताया कि रुद्र पूजा के पश्चात भारती मुंजाल द्वारा मधुरमय सत्संग भी किया गया। डिस्ट्रिक्ट टीचर कोऑर्डिनेटर परीक्षित आर्य ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग अन्तर्राष्ट्रीय केंद्र का भव्य गुरूपादुकावनम महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर वातावरण को शुद्ध करने वाले पवित्र मंत्रोच्चारण, भजन और ज्ञान से गूंज उठा। वैश्विक आध्यात्मिक गुरु गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी की उपस्थिति में 2.5 लाख से भी अधिक लोगों ने पवित्र ध्यान और मौन में भाग लिया। महाशिवरात्रि की संध्या पर, मंत्रोच्चारण और मधुर भजनों के बीच गुरुदेव ने पावन रुद्राभिषेकम् किया। यह एक वैदिक अनुष्ठान है, जो शिव के रुद्र रूप के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए किया जाता है। यह अनुष्ठान भक्तों को प्रसन्नता और समृद्धि प्रदान करता है और उनकी इच्छाओं की पूर्ति भी करता है। गुरुदेव कहते हैं, 'शिवरात्रि अर्थात शिव की शरण में आना। शिव अनंत, सौंदर्य और अद्वैत हैं। आप शिव की शरण में आते हैं क्योंकि आपका वास्तविक स्वरूप शिव ही है। शिव, समस्त ब्रह्मांड का ध्यानस्थ पक्ष है।' गुरुदेव की उपस्थिति में संत आदि शंकराचार्य के जीवन और महिमा पर आधारित आर्ट ऑफ लिविंग की पहली वेब श्रृंखला के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। श्री श्री पब्लिकेशंस ट्रस्ट के ट्रस्टी नकुल धवन जी ने कहा, 'आदि शंकराचार्य भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण एवं प्रसिद्ध व्यक्तित्व हैं, लेकिन हर कोई उनके जीवन के विषय में नहीं जानता है।' उनका जीवन बहुत छोटा लेकिन विविध घटनाओं से परिपूर्ण था, जिसमें उन्होंने पूरे देश की लंबाई और चौड़ाई में पैदल यात्रा की, जिससे देश के सांस्कृतिक ताने-बाने को एकजुट किया गया। उन्होंने जो परंपराएं और संस्थाएं शुरू कीं वे आज तक जीवित हैं और फल-फूल रही हैं। वे भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के वास्तुकार हैं। शिवरात्रि के अवसर पर मध्य रात्रि को, शिव तत्व में डूबने के लिए दुनिया भर से आए लाखों लोगों ने गुरुदेव के साथ महाशिवरात्रि के विशेष ध्यान का अनुभव किया।

# चुनावी मौसम : नेता सक्रिय पर मतदाता मौन

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

देश में एक बार फिर चुनावी मौसम आने वाला है। इस चुनावी मौसम बदलने से विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के लच्छेदार भाषणों की बयार चलेगी...! इतना ही नहीं भाषणों की बाढ़ भी आ सकती है,जिसमे मतदाता बह सकता है। पर इन दिनों में मतदाता का फर्ज बनता है कि वह सावधान रहें व अपने विवेक से निर्णय ले। भारतीय लोकतंत्र में मतदाताओं के लिए मुद्दों,उम्मीदवारों और अपने स्वयं के विश्वासों और मूल्यों की समझ के आधार पर समुचित निर्णय लेना महत्वपूर्ण है। चुनावों के साथ, अक्सर उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के भाषणों, वादों और बयानबाजी की बाढ़ आ सकती है, और मतदाताओं के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे इस सारी जानकारी की जांच करें और जो कहा जा रहा है उसका आलोचनात्मक मूल्यांकन करें। जब राजनीतिक भाषणों की बात आती है,तो उम्मीदवारों के लिए वादे करना, भविष्य के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित करना और मतदाताओं को यह समझाने का प्रयास करना आम बात है कि वे इस पद के लिए सबसे अच्छे विकल्प हैं। भारत में, किसी भी लोकतांत्रिक देश की तरह, जब राजनीतिक भाषण सुनने और उम्मीदवारों की स्थिति का मूल्यांकन करने की बात आती है तो मतदाताओं को समझदार और आलोचनात्मक विचारक होना चाहिए।यहां कुछ बातें बताई जा रही है, जिन पर भारतीय मतदाता राजनीतिक भाषण सुनते समय विचार कर सकते हैं।मतदाताओं के लिए उम्मीदवारों द्वारा किए गए दावों की तथ्य-जांच करना महत्वपूर्ण है। इसमें सांख्यिकी,डेटा और नीति प्रस्तावों को सत्यापित करने के लिए जानकारी के विश्वसनीय स्रोतों को देखना शामिल हो सकता है। तथ्य-जांच से मतदाताओं को गलत सूचना से सच्चाई को अलग करने और अधिक जानकारीपूर्ण निर्णय लेने में मदद मिल सकती है। मतदाताओं को अपने देश और उनके स्थानीय समुदायों के सामने आने वाले प्रमुख मुद्दों की अच्छी समझ होनी चाहिए। इससे उन्हें यह मूल्यांकन करने में मदद मिल सकती है कि उम्मीदवारों के भाषण उनकी अपनी प्राथमिकताओं और चिंताओं के अनुरूप हैं या नहीं या सिर्फ भोली-भाली जनता को बहकाने के लिए वादे किए जा रहे हैं। यदि किसी उम्मीदवार का भाषण मतदाताओं की मुद्दों की समझ से मेल खाता है,तो यह संकेत दे सकता है कि उम्मीदवार उनके वोट के लिए उपयुक्त है। मतदाताओं के लिए उम्मीदवारों और उनके द्वारा प्रतिनिधित्व किए जाने वाले



राजनीतिक दलों के ट्रैक रिकॉर्ड को देखना मददगार हो सकता है। क्या उन्होंने अतीत में अपने वादे पूरे किए हैं? उनमें से पूरे कितने हुए हैं? वादे पूरे नहीं हुए तो उनका जवाब मांगने का हक है। उनकी उपलब्धियाँ और असफलताएँ क्या हैं? किसी उम्मीदवार के इतिहास को समझने से एक नेता के रूप में उनकी क्षमता के बारे में बहुमूल्य जानकारी मिल सकती है। उम्मीदवार अक्सर भविष्य के लिए अपने दृष्टिकोण और देश के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी योजनाओं की रूपरेखा तैयार करते हैं। मतदाताओं को यह निर्धारित करने के लिए इन दृष्टिकोणों और योजनाओं का आलोचनात्मक मूल्यांकन करना चाहिए कि क्या वे भारत के भविष्य के लिए उनकी अपनी आशाओं और आकांक्षाओं के साथ संरक्षित है।उम्मीदवार अक्सर अपने मूल मूल्यों और उन सिद्धांतों के बारे में बात करते हैं जो उनके निर्णय लेने में मार्गदर्शन करते हैं। मतदाताओं को इस पर विचार करना चाहिए कि क्या ये उनके अपने मूल्यों और सिद्धांतों के अनुरूप हैं। मतदाताओं के लिए ऐसे नेताओं को चुनना महत्वपूर्ण है जो उनकी मौलिक मान्यताओं को साझा करते हैं और उन्हें बनाए रखने के लिए काम करेंगे। मतदाताओं के लिए सभी राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के भाषण सुनना मूल्यवान है। इससे विभिन्न नीतिगत स्थितियों और शासन के दृष्टिकोण की व्यापक समझ हासिल करने में मदद मिल सकती है, जिससे मतदाता एक सूचित तुलना करने में सक्षम हो सकते हैं। राजनीतिक भाषण उम्मीदवारों के लिए अपने संदेश देने और मतदाताओं से जुड़ने का एक साधन हैं। हालाँकि, मतदाताओं के लिए यह आवश्यक है कि वे इन भाषणों को आलोचनात्मक मानसिकता के साथ देखें, बयानबाजी और वादों के पीछे के सार को समझने की कोशिश करें। ऐसा करने से, भारतीय मतदाता अपने देश के भविष्य के लिए अपनी समझ, विश्वास और दृष्टिकोण के अनुरूप जानकारीपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**-डॉ. संदीप सिंहमार**

# लुवास की डॉ. इंदु को उनके शोध के लिए डेयरी उद्योग सम्मेलन में मिला सम्मान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविधालय हिसार के डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय (सीओडीएसटी) में सहायक प्रोफेसर पद पर कार्यरत डॉ. इंदु को उनके शोध के लिए 4 से 6 मार्च 2024 तक हैदराबाद तेलंगाना मे चलने वाले 50वें डेयरी उद्योग सम्मेलन में सम्मानित किया गया। डॉ इंदु ने सम्मलेन मे 'नवाचारी विद्युत तंतु तकनीकें : डेयरी पशुओं के लिए थनैला पहचान में एक प्रबल कदम' पर अपना शोध प्रस्तुत किया था जिसमे उन्हें प्रथम स्थान हासिल हुआ इस सम्मेलन का आयोजन भारतीय डेयरी संघ (दक्षिण क्षेत्र) द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से उद्यमिता और नवाचार के क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया। लुवास कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में विश्व विद्यालय हर साल युवा वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने के लिए संस्थान के शोध परियोजनाओं को मंजूरी देता है, जिसमें युवा वैज्ञानिक नए शोध कर सकते हैं। ऐसे ही एक शोध करके, डॉ. इंदु ने बताया कि थनैला रोग पशुओं की एक गंभीर बीमारी है । इस बीमारी का इलाज केवल जल्दी पता लगने पर ही संभव है, परंतु इसे समय पर पहचानना किसानो एवं वैज्ञानिकों के लिए एक चुनौती है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी को शुरुआती स्टेज (सबक्लिनिकल स्टेज), पर डाईइलेक्ट्रिक स्थिर और डाईइलेक्ट्रिक लॉस फैक्टर के माध्यम से पहचाना जा सकता है। लुवास कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर विनोद कुमार वर्मा एवं डीन कॉलेज ऑफ डेयरी साइंस डॉ. सज्जन सिहाग ने डॉ. इंदु के शोध की सराहना की और बताया कि ये शोध थनैला रोग को पहचानने के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। उन्होंने डॉ इंदु एवं उनकी टीम के सभी वैज्ञानिको को बधाई दी।

# एफसी कालेज की स्वयंसेविकाओं ने जरूरतमंदों को वितरीत किए वस्त्र व खाद्य सामग्री



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** 'समाज सेवा ही मनुष्य का पहला कर्तव्य है' इसी शिक्षा को सार्थक रूप देते हुए स्थानीय फतेहचन्द महिला महाविद्यालय की एन.एस.एस. स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय में पुराने वस्त्र एवं खाद्य सामग्री एकत्रित कर झुग्गी-बस्ती में रहने वाले गरीब परिवारों में वितरित की। एन. एस. एस. पी. ओ. डॉ. पल्लवी आर्या एवं श्रीमती अल्पना गुप्ता ने बताया कि एन.एस.एस. का मोटो ही 'स्वयं से पहले आप' है और आज के युवाओं में अपने समाज के प्रति संवेदना एवं समर्पण का भाव होना बहुत आवश्यक है। इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से हम आज के युवाओं में समाज के वंचित वर्ग के प्रति संवेदना एवं प्रेम के भाव जागृत कर सकते है एवं उन्हें दूसरों की मदद् करने के लिए प्रेरित करते है।

# IIVER के छात्रों के धरने का मांग पूरी होने उपरांत समापन कराया : दिलबाग हुड्डा लुदास



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** IIVER कॉलेज बहुअकबरपुर के फ़ाइनल वर्ष के छात्र अपनी मांगों के लिए एक महीने से लगातार धरने पर बैठे थे। गत दिवस भारतीय किसान यूनियन अंबावता की पूरी टीम प्रदेश अध्यक्ष दिलबाग हुड्डा के साथ पहुंची और उससे पहले भी बार-बार उनके साथ खड़े रहे और रजिस्ट्रार साहब से मीटिंग करवाई और उनकी सारी की सारी मांगे जो थी उसमें से जो उनकी मुख्य मांगे जैसे थ्योरी के पेपर जो है और अप्रेंटिसशिप LUVAS के अंदर होने की बात थी वह मान ली गई है और उसके अलावा जो क्लास बच्चों की छूटी थी वह एक्स्ट्रा क्लासेस लगवा करके पूरी की जाएगी। आज उनकी मांगे मान्य उपरांत एक महीना एक दिन जिसमें 20 दिन बच्चे भूख हड़ताल पर रहे व आज मांगे मान ली गई है और बच्चों ने भी और किसान यूनियन ने भी प्रशासन का विशेष रूप से कुलपति का और रजिस्ट्रार ढाका साहब का और सभी जिन्होंने मदद की है उनका धन्यवाद करते हुए आज धरना जो है भारतीय किसान यूनियन ने पहुंचकर समापन किया। हुड्डा ने सभी का धन्यवाद करते हुए और बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया और भविष्य में सफल होने की कामना की ओर इसी तरह गलत के खिलाफ आवाज उठाते रहने को लेकर मनोबल बढ़ाया।

# दर्शन अकादमी के नन्हे सितारों ने ग्रेजुएशन सेरेमनी में दिखाई प्रतिभा





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** गत दिवस मिर्जापुर रोड स्थित दर्शन अकादमी विद्यालय में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा के.जी. के विद्यार्थियों को पूर्व प्राथमिक कक्षा के पूर्ण होने पर प्री प्राइमरी की उपाधि प्रदान की गई। जिसके मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक श्री प्रकाश तनेजा जी व सावन कृपाल रुहानी मिशन के सदस्य डॉ. के. एल. गुलाटी रहे। मां सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर व सरस्वती वंदना की प्रस्तुति के साथ समारोह का शुभारंभ किया गया। निधि, कायरा, सिद्धार्थ और हर्षित ने अपने पूर्व प्राथमिक विद्यालय के अनुभवों को भी सांझा किया। साथ ही अपने अध्यापकों व प्रधानाचार्या का समय-समय पर किए गए मार्गदर्शन के लिए भी आभार व्यक्त किया। के.जी. कक्षा के बच्चों ने नृत्य कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ-साथ अध्यापकों ने भी बच्चों के अंदर छिपे गुणों से अभिभावकों को परिचित कराया। नन्हे सितारे पारंपरिक ग्रेजुएशन समारोह की वेशभूषा पहन सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रहे थे। विद्यालय प्रबंधक श्री प्रकाश तनेजा व उपस्थित अतिथि गणों ने भी सभी विद्यार्थियों को उपाधि व उपहार प्रदान किए। जिसे पाकर बच्चों की खुशी का ठिकाना ना रहा। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती जैसिका कांबले ने इस समारोह पर उपस्थित सभी बच्चों व उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी और उन्होंने बताया कि पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का हमारे जीवन में अहम भूमिका होती है। पूर्व प्राथमिक कक्षाओं की शिक्षा एक विद्यार्थी के जीवन को एक नई दिशा व नया रूप प्रदान करती है और साथ ही उनके जीवन का मार्गदर्शन करती है।

# हिसार व हांसी न्यायिक परिसर में लोक अदालत आयोजित

## 12 हजार 650 मामलों में से 10 हजार 129 का किया निपटारा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को हिसार एवं हांसी न्यायिक परिसर में आयोजित की गई। लोक अदालत में लंबित 12 हजार 650 मामलों में से 10 हजार 129 मामलों का निपटारा किया गया। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में लोक अदालत की बैंच लगाई गई। लोक अदालत में एमएसीटी के 46 केसों में से 35 में 2 करोड़ 54 लाख 10 हजार 900 रुपए की राशि के क्लेम पास किए गए। बैंक रिकवरी के 582 केसों में से 563 में 3 करोड़ 1 लाख 30 हजार 703 रुपए की रिकवरी की गई। उन्होंने बताया कि पारिवारिक न्यायालय के 272 केसों में से 90 का निपटारा किया गया। इसी प्रकार समरी चालान के 828 केसों में से 799 में 2 करोड़ 44 लाख 84 हजार 722 रुपये का जुर्माना वसूला गया। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल सात बैंच स्थापित की गई, जिनमें हिसार न्यायिक परिसर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गगनदीप मित्तल, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फैमिली कोर्ट) पूनम सूनेजा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीरू कंबोज, सिविल जज हरजोत कौर व अंतरप्रीत सिंह हिसार में तथा तथा हांसी न्यायिक परिसर में जज राकेश की बैंच में लंबित मामलों का निपटारा किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोगों को सरल, सस्ता एवं समय पर न्याय प्रदान किया जाता है। लोक अदालत में लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने में अधिवक्ताओं का भी अहम योगदान रहा। इस अवसर पर अनेक न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।









# श्री श्याम मंदिर सेक्टर 16/17 में 19-20-21 मार्च को फागुन मेले का आयोजन

## रायगढ़, दिल्ली, चंडीगढ़ व फरीदाबाद से आए भजन गायक करेंगे बाबा श्री श्याम की महिमा का गुणगान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** तीन दिवसीय फालगुन मेले की तैयारियो को लेकर आज श्री श्याम मंदिर सैक्टर 16-17 मे प्रैस वार्ता का आयोजन किया गया। श्री श्याम मंडल( रजि.) के पदाधिकारियो ने बताया कि 19-20- 21 मार्च शुक्ल पक्ष की दसवीं, एकादशी एवं द्वादशी पर तीनो दिनो श्री श्याम मंदिर सैक्टर 16-17 मे चलने वाले फालगुन मेले में 19 मार्च को दिल्ली से आए भजन गायक ज्ञान पंकज, 20 मार्च को फरीदाबाद से आए कुमार विरेन्द्र व चंडीगढ़ के मोनू दुआ, 21 मार्च को रायगढ़ से संजय अग्रवाल मंदिर परिसर मे रात्रि आठ बजे से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। मंदिर की भव्य सजावट कलकता से आए कारीगर करेंगे। मीरा लाईट द्वारा मंदिर व आसपास के क्षेत्र मे मनमोहक लाईटिंग की जाएगी। श्री श्याम दर्शनार्थ आने वाले भक्तो मे खीर-चूरमा, फल- मिठाई का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

एकादशी के दिन ड्राईफ्रूट एवं छप्पन भोग की सवामणी का प्रसाद एवं द्वादशी पर दोपहर 12 बजे विशाल भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है। फालगुन का श्याम प्रेमियों के लिए विशेष महत्व रहता है। पुर्ण फालगुन मास मे श्याम भक्तो के सहयोग से दिल्ली व बैंगलोर से आए विशेष फूलो से बाबा का भव्य श्रंगार किया जा रहा है। मेले के पहले दिन 19 मार्च को नागोरी गेट से बाबा की निशान मात्र दोपहर 1 बजे चलकर साय मंदिर मे पहुंचगी। निशान यात्रा मे शामिल भक्त जनो के लिए विशेष जलपान की व्यवस्था मंडल द्वारा की जाएगी। साथ ही मेले दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रो एवं आसपास के गांवों से भी बाबा की ध्वजा लिए एवं रंग-गुलाल खेलते श्याम भक्तो की निशान यात्राएं मंदिर मे पहुंचेंगी।

मेले में आने वाले श्रदालुओं की भारी भीड को बाबा के दर्शन आसानी से हो पाए, इसके लिए विशेष इंतजाम किया गए है। साथ ही व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस बंदोबस्थ, मैडीकल टीम, एम्बुलैंस सेवा, फायरबिग्रेड, एव मोबाईल शौचालय के लिए संबंधित विभागो को पत्र लिखकर इन्हे उपलब्ध करवाने की अपील की गई है।

24 मार्च को सांय 7 बजे होलिका दहन होगा। फाग के दिन 25 मार्च सुबह नौ बजे श्याम प्रेमी बाबा संग होली खेलते हुए भजन-कीर्तन करेंगे। सभी कार्यक्रम मंदिर प्रांगण मे आयोजित किए जायेंगे।

प्रैस वार्ता के अवसर पर श्री श्याम मंडल प्रधान विनोद अग्रवाल, उपप्रधान आशीष जैन, अनिल गर्ग, त्रिलोक बंसल, राजकुमार जैन, औम प्रकाश गोयल, लक्ष्मी मित्तल, सुरेन्द्र भगत, सुभाष सैनी, सतीश बंसल मौजूद रहे।

# हिसार संघर्ष समिति के प्रयासों से हजारों लीटर व्यर्थ बह रहे पानी की समस्या का होगा समाधान

## विभाग के अधिकारियों ने ठेकेदार के साथ किया मौके का मुआयना, सोमवार को इण्डस्ट्रियल एरिया में सीसी रोड को तोड़कर किया जाएगा पाइप लाइन को ठीक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** हिसार संघर्ष समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र श्योराण के प्रयासों से रोजाना हजारों लीटर व्यर्थ बह रहे पानी की समस्या का समाधान होगा। आज जन स्वास्थय विभाग के अधिकारियों ने ठेकेदार के साथ मौके का मुआयना कर सोमवार को सीसी रोड को तोड़कर पानी की पाइप लाइन ठीक करने का कार्य शुरू करने की बात कही है। इस मौके पर मौजूद समिति अध्यक्ष जितेंद्र श्योराण ने बताया कि दिल्ली रोड पर इंडस्ट्रियल एरिया में मुख्य सड़क पर पानी की पाइप लाइन लीकेज के चलते रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा था। हिसार संघर्ष समिति ने इस मामले को नगर निगम, जनस्वास्थ्य विभाग व बीएंडआर के अधिकारियों के समक्ष उठाया था। जितेन्द्र श्योराण ने जनवरी माह में इण्डस्ट्रियल एरिया में व्यर्थ बह रहे पानी को लेकर अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें अवगत करवाया कि एक तरफ तो विभाग पानी बचाने के लिए विज्ञापनों पर करोड़ों रुपये खर्च करता है और दूसरी तरफ इतनी भारी मात्रा में पानी व्यर्थ बह रहा है। न केवल पानी की बर्बादी हो रही है बल्कि वहां पर पानी जमा होने से स्थानीय लोगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और जलभराव से सड़क भी टूट रही है। इस पर संज्ञान लेते हुए विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने आज ठेकेदार के साथ मौके का मुआयना किया और सोमवार से पाइप लाइन ठीक करने का कार्य शुरू हो जाएगा। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस कार्य में 15 से 20 दिन का समय लगेगा। जितेन्द्र श्योराण ने जन स्वास्थय विभाग के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि यह पाइप लाइन ठीक होने से पानी की बर्बादी तो रुकेगी ही साथ में यहां पर पानी एकत्रित होने से लोगों को हो रही परेशानी व जलभराव होने से सड़क खराब होने की समस्या का भी समाधान होगा। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद जगमोहन मित्तल, सुभाष जैन, भीम सिंह याादव, रणधीर सिंहमार एवं इंडस्ट्रियल एरिया के व्यापारीगण मौजूद रहे।

# हकृवि ने गांव पायल व चिड़ोद के किसानों को न्यूट्री गार्डन स्थापित करने के बारे में दिया प्रशिक्षण



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा फार्मर फस्ट प्रोग्राम के तहत गांव पायल व चिड़ोद में 'फल-फूल एवं सब्जी उत्पादन' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

फार्मर फर्स्ट प्रोग्राम के प्रमुख अन्वेषक डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को पोषण एवं गुणवत्ता युक्त खानपान बढ़ाने के लिए न्यूट्री गार्डन विकसित कर स्वास्थ्य लाभ लेने के बारे में जागरूक करना था। किसान परिवारों के घर-आंगन में, आंगनवाड़ी केंद्र व स्कूलों में न्यूट्री गार्डन स्थापित करने से जहां एक तरफ फल व सब्जियों की जरूरतें पूरी की जा सकती है, वहीं दूसरी ओर उच्च गुणवत्ता के फल व सब्जियां स्वास्थ्य लाभ के लिए भी जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि एक अच्छी व पोषण से भरपूर डाइट लेना हर व्यक्ति का अधिकार है। इस मुहिम से आमजन को जोड़ने के लिए लगातार प्रयास चल रहे हैं ताकि कुपोषण की समस्या को दूर किया जा सकें।

बागवानी विभाग के वैज्ञानिक डॉ. प्रिंस ने किसानों को अमरूद, किन्नू, नींबू व आडू के फलदार पौधे लगाने व उनके पोषक तत्व प्रबंधन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए कलमी पौधों की देखभाल अच्छी तरह से करें जैसे कि उनको सर्दी-गर्मी से बचाने के लिए पराली से ढकना चाहिए व हल्की सिंचाई करते रहें। यह भी ध्यान रखें कि कलमी पौधों में कलम की गई टहनी से नीचे कोई भी बढ़वार आती है तो उसे साथ-साथ काटते रहे। साथ ही उन्होंने किचन गार्डन में गर्मी के मौसम में आसानी से उगाए जाने वाली सब्जियां जैसे घीया, तोरी, करेला, भिंडी, ग्वार व लोबिया आदि के बारे में बताया।

चारा अनुभाग के सस्य वैज्ञानिक डॉ. सतपाल ने किसानों को अमरूद व अन्य फलदार पौधों के लाइनों के बीच में बची हुई जगह में चारा फसल उगाने व अन्य छाया सहनशील सब्जियां जैसे हल्दी, प्याज, लहसुन आदि उगाने की संभावनाओं के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने चारे की फसल बरसीम के बीज उत्पादन लेने के लिए इसकी आखिरी कटाई मार्च माह के दूसरे सप्ताह तक करने व बाद में बीज के लिए फसल को छोड़ने, कटाई के बाद व बीज बनते समय फसल में सिंचाई करने के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर किसानों को फलदार पौधे, जिनमें अमरूद, नींबू, किन्नू व आडू के पौधों को निशुल्क वितरित किए गए। साथ ही गर्मी के मौसम में उगाई जाने वाली सब्जियों के बीजों की किट भी बांटी गई। इसके अलावा फल-सब्जी उगाने व प्रसंस्करण करने की तकनीकी पुस्तिकाएं किसानों को दी गई।

**पाठक ध्यान दें...**

दैनिक पाठकपक्ष के समाचारों को आप हमारी वैबसाइट pathakpaksh.com और फेसबुक पेज pathak paksh पर भी रोजाना पढ़ सकते हैं।


डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573


**MAHARAJA AGRASEN MEDICAL COLLEGE AGROHA (HISAR)**

**E-TENDER NOTICE**

The following e-tender are invited vide tender ID and work/supply/services details as under :-

| Sr.No. | TENDER TITLE | TENDER ID |
|---|---|---|
| 1. | Mattress | 2024_HRY_366281_1 |
| 2. | Furintures for Admin Block & Sports Complex | 2024_HRY_366291_1 |

**DY. MEDICAL SUPERINTENDENT**




# पर्याप्त पेयजल, बिजली आपूर्ति, खाद व बीज के लिए जूझ रहे ग्रामीण : अशोक मंगालीवाला

***कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक मंगालीवाला ने कहा, जनता को हर हाल में मिलनी चाहिए मूलभूत सुविधाएं***

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने विभिन्न गांवों का दौरा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में जनता भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी जैसी समस्याओं से बुरी तरह त्रस्त है। भाई-भतीजावाद के चलते आम आदमी के काम नहीं होते और निरंतर बढ़ती महंगाई के कारण रसोई के लिए राशन तक खरीदना दूभर हो गया है। इसके साथ-साथ पढ़े-लिखे, मेहनती व योग्य बेरोजगार युवाओं की तादाद बढ़ती जा रही है। यह बड़ी चिंतनीय स्थिति है। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों को हल करना केंद्र व राज्य सरकार का दायित्व है लेकिन सरकार तो आंखें मूंदे बैठी है और राजनीतिक रोटियां सेंक रही है।



मंगालीवाला ने कहा कि ग्रामीणों से मुलाकात करने के बाद स्पष्ट हो गया कि अधिकतर गांवों में न तो पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध होता है और न ही खेती योग्य पानी समुचित रूप से मिल पाता है। बिजली आपूर्ति भी सुचारू ढंग से नहीं होती। महंगाई के चलते खाद व बीज खरीदना भी किसानों के लिए मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि ऐसी विकट स्थिति में किसान कैसे खेती करेगा और कैसे अपने परिवार का पालन-पोषण करेगा।

अशोक मंगालीवाला ने कहा कि गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी, नौकरीपेशा व महिलाओं सहित तमाम वर्गों की बेहतरी के लिए उनके पास योजनाएं हैं। बहुत सी योजनाएं तो वर्तमान समय में अपने स्तर पर क्रियान्वित भी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जनहित के लिए कई सेवा प्रकल्प भी संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने विश्वास जताया तो पढ़ाई के लिए उच्च शिक्षा की व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए पूरे हिसार लोकसभा क्षेत्र में ऐसे क्लीनिक स्थापित किए जाएंगे जो 24 घंटे एमरजेंसी सेवाओं के लिए उपलब्ध होंगे। गांवों में गोबर के उचित निस्तारण के लिए बाकायदा गोबर खरीदकर उससे कुकिंग गैस बनाकर मात्र 200 रुपये में गैस उपलब्ध करवाई जाएगी। बेसहारा व विधवा माताओं-बहनों को निशुल्क चरखा उपलब्ध करवाया जाएगा। चरखे से बने धागे को खरीदने की व्यवस्था भी की जाएगी। मंगालीवाला ने बताया कि किसानों के लिए भी बहुत ही पुख्ता योजना है। इसके तहत ऐसी हवाई व्यवस्था करवाई जाएगी कि किसान भाई अपनी हरी सब्जियां गल्फ देशों में आसानी से बेच पाएंगे। पब्लिक शौचालयों का सौंदर्यीकरण करवाने की भी सशक्त योजना है। उन्होंने बताया कि अब भी अपने स्तर पर कई शौचालयों का पुनरुद्धार करवाया गया है।

# अग्रोहा धाम टीलें की खुदाई में महाराजा अग्रसेन जी की 5100 वर्ष से ज्यादा पुरानी यादगार चीजें मिलेंगी : बजरंग गर्ग

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** अग्रोहा धाम वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में अग्रोहा व अग्रोहा धाम के विकास के लिए विचार विमर्श किया गया। बजरंग गर्ग ने अग्रोहा धाम टीलें का निरीक्षण करने के उपरांत संबोधित करते हुए कहा कि अग्रोहा धाम टीलें की खुदाई का काम सरकार द्वारा 11 मार्च को शुरू किया जाएगा। श्री गर्ग ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जी का महल जो 125 एकड़ में बना हुआ था, वो अब टीलें के रूप में बदल चुका है। टीलें की खुदाई का काम शुरू करना केंद्र व प्रदेश सरकार का अच्छा निर्णय है। टीलें की खुदाई करवाने की घोषणा अग्रोहा धाम के वार्षिक मेले में सरकार द्वारा की गई थी।



अग्रोहा धाम टीलें की खुदाई में महाराजा अग्रसेन जी की 5100 वर्ष से ज्यादा पुरानी यादगार चीजें मिलेंगी क्योंकि अंग्रेजों के शासनकाल में दो बार पहले टीलें की कुछ खुदाई की गई थी और उस समय टीलें की खुदाई में चांदी के सिक्के, लोहे-तांबे का सामान, अनेकों मूर्ति, मोहरे, मोती आदि सामग्री मिली थी। खुदाई में उस समय लगभग 7000 कलाकृतियां भी मिली थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने समाज के प्रतिनिधियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के जिला प्रधान एनके गोयल, युवा प्रधान अनिल सिंगला मंगाली वाले, निर्माण समिति सदस्य ऋषि राज गर्ग, राष्ट्रीय युवा संयोजक अनंत अग्रवाल, प्रेम गोयल, संदीप कुमार, हरीश शर्मा आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे।

# अवैध शराब कारोबारियों पर भारी पडी हरियाणा स्टेट एनफोर्समेंट ब्यूरो हिसार की टीम

**पाठकपक्ष न्यूज, हिसार, 10 मार्च :** पुलिस थाना हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो के एस.एच.ओ. दीपक सिंगला ने बताया कि ब्यूरो के एडीजीपी डॉ.ए.एस. चावला के मार्गदर्शन और एसपी विजय जाखड़ व एसपी ताहिर हुसैन के दिशा निर्देशानुसार अवैध शराब तस्करी के संबंध में जिले में स्पेशल चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना की टीमों ने हिसार जिले के चप्पे-2 में अवैध शराब बिक्री व नाजायज शराब व लाहन के संबंध में चैकिंग अभियान चलाया। सूचना के आधार पर गांव झिरी में आरोपी बक्सीस सिंह वासी गांव झिरी जिला हिसार से 22.5 लीटर नाजायज शराब देशी हथकड बरामद हुई और दौराने चैकिंग आरोपी सुनील उर्फ शीलू वासी गांव बीड बबरान से 15 बोतल देशी शराब मार्का माल्टा मस्ती बरामद की गई दोनो आरोपियों के खिलाफ अभियोग अंकित करके नियम अनुसार कार्यवाही अमल में लाई गई। एसएचओ दीपक सिंगला ने बताया कि अवैध शराब तस्करी करने वालो को किसी भी सूरत में बक्शा नही जायेगा। भविष्य में भी अवैध शराब व नाजायज शराब का कारोबार करने वालों पर लगाम लगाई जाएगी। एडीजीपी साहब के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब व नाजायज शराब का कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# किसना ज्वैलर्स में रक्तदान शिविर लगाया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** स्थानीय पीएलए कॉम्प्लेक्स में आज किसना ज्वैलर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ निशुल्क नेत्र परीक्षण का कैंप भी लगाया गया। इस आयोजन में रोटरी कल्ब ने भी विशेष योगदान दिया। रक्तदान अभियान एवं नेत्र जाँच शिविर के मौके पर अपने विचार रखते हुए, श्री घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि पिछले साल उद्घाटन के शुभ अवसर पर किये वादे को पूरा करने हेतु मुझे अत्यंत गौरव महसूस हो रहा है। हिसार एवं हरियाणा के लोगों ने किसना डायमंड ज्वैलरी को अपनी खुशियों में शामिल करके हमें समाज




हित कार्य करने के लिए उत्साहित किया है। हमने सोचा था की हम उन सभी ग्राहकों के सम्मान हेतु क्या करे जिससे पहनने वाले, बेचने वाले सभी को गर्व महसूस हो। आज उन सभी के नाम से एक- एक पौधा लगाकर एवं नोबल कॉज में ब्लड डोनेशन, नेत्र जाँच शिविर एवं ओर्फनेज होम में खाना खिलाकर हिसार को हरित बनाने के साथ समाज के उत्थान हेतु सहयोग करने का अवसर प्राप्त हुआ एवं हम उत्साहित हैं अपने आस-पास के लोगों के जीवन में बदलाव लाना जारी रखें। किसना ज्वैलर्स के स्वामी अंशुमन ने बताया कि रोटरी क्लब के सदस्य आशीष गोयल, पंकज बुड़ाकिया व रामअवतार का भी विशेष योगदान रहा।

# 'हमारा प्यार हिसार' की टीम ने साप्ताहिक अभियान में इस रविवार संवारी एक और दीवार




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 मार्च :** 'हमारा प्यार हिसार' की टीम ने आज डाबड़ा रोड पर साउथ बाइपास के साथ लगती वाटर वर्क्स की दीवार पर टेराकोटा पेंट किया। इस दीवार पर पहले भी ग्रुप ने पेंटिंग्स बनाई थीं लेकिन कुछ लोगों ने उन पर विज्ञापन लिख कर गंदा कर दिया था। इस दीवार पर एक बार फिर से सुंदर पेंटिंग्स बनाई जाएँगी।इसके साथ ही सदस्यों ने फुटपाथ पर पड़े मलबे को भी साफ़ किया।

आज के अभियान में सुशील खरींटा, डॉ सुरेन्द्र गर्ग, प्रो हरीश भाटिया, अदेश मलिक, कमल भाटिया, कविता टंडन, डॉ हरिशंकर सिंघा, डॉ विजय कादियान, मनीष गोयल, गगन मेहता, जितेन्द्र बंसल, अजय गोरखपुरिया, अमित गुप्ता, संजय गर्ग, पायल सिंघा, रश्मि मेहता, रीमा सरदाना, ममता भाटी, हीना गोयल, मंदीप पुनिया, कुशाग्र मेहता, दिनेश बंसल, अंतरिक्ष, अनुराग परवाल, चैतन्य, भारत सिंगल, लक्ष्य, ईशा बिष्ट, पूर्वी बंसल, सोनू, राघव, इप्शिता व रिमचा शामिल हुए।




आवश्यकता है
Manager -1
Receptionist - 1 (Female)
Cook - 1
11 मार्च 2024 को प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तक मिलें।
महाराजा अग्रसैन भवन, हिसार
मो. 9053055501

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।
सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार
विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818
Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

